कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा

दिनांक 11.03.2025

नीलामी की विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दस न्यायालय कक्ष भवन परिसर में स्थित क्रमशः 1. फोटो स्टेट की दुकान, 2. लाई चना का स्टॉल, 3. पान का खोखा 4. कैन्टीन 5. फल–जूस का अस्थायी खोखा व 6. साइकिल/दो पहिया वाहन स्टैण्ड, इटावा **व नई दीवानी परिसर हेतु 1. हलवाई की दुकान 2. अस्थायी नवीन फोटो स्टेट की दुकान** के लिये दस न्यायालय, कक्ष भवन के सभागार में दिनांक–**19.03.2025** को अपरान्ह **4.30** बजे की जायेगी। जिस व्यक्ति को उपरोक्त ठेका लेना हो वह उक्त दिनांक, समय व स्थान पर माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन बोली बोलने हेतु उपस्थित हों। फल व जूस की स्टॉल, पान का खोखा, लाई–चना की स्टॉल हेतु रूपये **2000/–**की सुरक्षा धनराशि तथा फोटो स्टेट की दुकान, दो पहिया वाहन/साइकिल स्टैण्ड एवं कैन्टीन के लिये रूपये **10,000/–** की सुरक्षा धनराशि नकद देय होगी, समस्त बोली दाताओं को बोली बोलने से पूर्व दिनांक–19**.03.2025** को दोपहर **12.00** बजे तक जमानत के रूप में अग्रिम जमा करना होगा। जो बोली समाप्ति पर नियमानुसार वापस की जायेगी। ठेके में अधिकतम बोलीदाता को नीलामी के पश्चात तुरन्त बोली की सम्पूर्ण धनराशि का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। नीलामी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा को सुरक्षित रहेगा। ठेका **01 अप्रैल 2025** से **31 मार्च 2026** तक के लिये दिया जायेगा। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को एक नीलामी फार्म भरकर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड सहित नजारत में जमा करना होगा नीलामी फार्म रूपये **100/–** मूल्य पर नजारत कार्यालय में दिनांक–19**.03.2025** दोपहर **12.00** बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं एवं स्वीकृत शर्तो की जानकारी केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी, इटावा से प्राप्त की जा सकती है।

(अजय कुमार सिंह–द्वितीय)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(डी0ए0ए0 एक्ट),
इटावा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को प्रेषित :–

1. नाजिर,कलेक्ट्रेट इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. नाजिर विकास भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. दस न्यायालय कक्ष भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0ओ0 नम्बर 562/उन्नीस–2–2007–1007(टी0सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना–पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
6. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन, इटावा – नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
7. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन,इटावा – नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
8. समस्त दुकानदार/ठेकेदारों को सूचनार्थ।
9. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जजी, इटावा

(अजय कुमार सिंह–द्वितीय)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(डी0ए0ए0 एक्ट),
इटावा।